हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 26 अगस्त 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



## खबर संक्षेप



### कार्मेल स्कूल में बच्चों के परिवार के वरिष्ठजनों को किया गया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** नगर में संचालित कार्मेल कॉन्वेंट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, में शनिवार को कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के परिवार के वरिष्ठजनों दादा-दादी एवं नाना-नानी के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई,जिसके बाद विद्यार्थियों ने हास्य एवं मनोरंजन से भरा कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मनमोह लिया,इस दौरान कार्मेल कॉन्वेंट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मार्लिन ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिवार में मौजूद वरिष्ठजन दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के जीवन की अमूल्य धरोहर हैं,उनका स्नेह,आशीर्वाद और अनुभव नई पीढ़ी के लिए उचित मार्गदर्शन का कार्य करता है,यह आयोजन विद्यालय परिवार की ओर से वरिष्ठजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास है।आयोजन में स्कुल की अध्यापक अध्यापिकाओं व अन्य स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित



**बलरामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को की गई। कार्यकारिणी में नगर मंत्री के रूप में सुखसागर गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है वहीं नगर सहमंत्री कुणाल गुप्ता, अभिषेक सिंह (प्रियांशु), सूरज सिंह और कौशल्या कुशवाहा को बनाया गया है। इस अवसर पर जिला संयोजक रितिक सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती आई है और आगे भी छात्रों की समस्याओं के समाधान तथा शिक्षा क्षेत्र में सुधार हेतु निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

### रजत महोत्सव के तहत कन्या उमावि में हुई प्रतियोगिता

अंबिकापुर। रजत महोत्सव के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी जगदेव राम प्रधान एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज के नेतृत्व में शा. कन्या उमावि लखनपुर में बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उन्हें बालिकाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं विभिन्न प्रकार के खेल व अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया साथ ही नशा मुक्त सरगुजा बनाने हेतु शपथ भी ली गई। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विभागीय जानकारी के अंतर्गत लैंगिक समानता, मासिक स्वच्छता, साइबर क्राइम, बाल विवाह, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में मिशन शक्ति हब से जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, साइबर सुरक्षा सेल से विक्की गुप्ता, श्रुति तिवारी एवं स्कूल की प्राचार्य शशिधर पांडे, शिक्षक व शाला की छात्राएं उपस्थित रहीं।



## खुलेआम दिन दहाड़े करते हैं शराबखोरी, प्रशासन मौन

# नगर पंचायत का पौनी पसारी शेड बना शराबियों का अड्डा



शेड के नीचे शराब खोरी करते नशेड़ी।



शराब खरीदते युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत नए बस स्टैंड के सामने नगर पंचायत का गरीबों को मिलने वाली दुकान पौनी पसारी प्रतीक्षालय में खुलेआम शराब पिलाए जाने का मामला गंभीर होता जा रहा है। जहां चखना दुकानों पर कुर्सियां लगाकर ग्राहकों को शराब परोसी जाती है। शराबखोरी का यह अड्डा न सिर्फ सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा पर भी संकट खड़ा होने लगा है।

**खास बात**

- नहीं सुनते नपं कर्मचारियों की बात, कार्रवाई करने से कतराती है पुलिस

**बन गया शराबियों का अड्डा**

अंग्रेजी शराब दुकान के सामने नगर पंचायत का पौनी पसारी योजना के तहत बनाई गई छोटे दुकानदारों के लिए, विकसित नहीं हुई। मगर अंग्रेजी शराब दुकान के सामने बनने से यह जरूर शराबखोरी का अड्डा जरूर बन गया है। शराबियों का पुलिस का खौफ नहीं रहा। शायद पुलिस भी अब कार्रवाई करने से कतराती है। खुलेआम शराब पीने से समाज के लिए घातक सिद्ध हो रहा है, मुख्य मार्ग सड़क किनारे शराब दुकान, बीच में पौनी पसारी और उसके सामने नगर पंचायत का मंगल भवन जो पूरी तरह से शराबियों का अड्डा बना हुआ है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि शराब दुकान के अलावा यहां मटन और मुर्गा की दुकानें भी संचालित हैं। महिलाएं सामान लेने आती हैं, लेकिन वहां मौजूद शराबी और मनचलों की हरकतों से असुविधा होती है। कई महिलाएं अब इस मार्ग से गुजरने से भी बचने लगी हैं तथा इसी रास्ते में धार्मिक स्थान शिवपुर मार्ग भी है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस की जानकारी के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। आए दिन नशे में धुत लोगों के कारण झगड़े और उत्पात मचाते है। खुलेआम शराबखोरी से जहां शराबियों का जमावड़ा लगा होता है, वहीं पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर उनके हौसले बुलंद हो गए है। बिना डर भय के चारों तरफ शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि ऐसे अवैध चखना दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

**शराबी नहीं मानते बात**

नगर पंचायत के कर्मचारियों को भेजते है लेकिन शराब उनकी बात नहीं मानते और विवाद की स्थिति निर्मित होने पर कर्मचारी वापस लौट जाते है।

-यूफ्रिसिया एक्का
नगर पंचायत सीएमओ

**कड़ी कार्रवाई के लिए करता हूं निर्देशित**

नशेडी खुलेआम शराबखोरी कर रहे तो मामला गंभीर है। मामले को गंभीरता से लेकर हुए कड़ी कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित करता है। पुलिस की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-प्रशांत कुमार ठाकुर
एसएसपी सूरजपुर



प्रवेश उत्सव मे विद्यार्थियों के साथ पूर्व डिप्टी सीएम।

## कॉलेज के प्रवेश उत्सव में शामिल हुए सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव शामिल हुए।

एनएसयूआई द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम शुरूआत पहलगाम हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर पर एक प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद लोक गायन और लोक नृत्य के कार्यक्रम हुए। नवप्रवेशी छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें शैक्षणिक सोपान की एक सीढ़ी चढ़ स्कूल से महाविद्यालय पहुंचने की बधाई दी और उन्हें उत्तरोत्तर सफलता की शुभकामनाएं दी। छात्रों को उन्होंने कहा कि जब भी छात्रों को मेरी आवश्यकता हो वो मुझतक अधिकार पूर्वक आ सकते हैं। कार्यक्रम में पहलगाम घटना के थीम पर किये गए मंचन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क ऐसी ओछी घटना के माध्यम से देश के सौहार्द को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है लेकिन इसके विरुद्ध हमे एक रहते हुए देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखना है। इस दौरान शफी अहमद , द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, आलोक सिंह, नीतीश चौरसिया, रजनीश सिंह, उत्तम राजवाड़े, विकल झा, सतीश बारी, निक्की ख़ान, आशीष जायसवाल, धीरज पटवा, सुरेंद्र गुप्ता, संजर नवाज़, आकाश यादव, अभिषेक सोनी, गौतम गुप्ता, शंकर लाल सिंह, आयुष सोनी, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, वर्षा जायसवाल, आकांशा, वैष्णवी तिवारी, सेजल श्रीवास्तव, काजल मानिकपुरी, आदि उपस्थित थे।

### जिला क्रिकेट संघ द्वारा ट्रायल की तिथियां घोषित, अंडर-14 का ट्रायल अब 30 को

**अम्बिकापुर।** जिला क्रिकेट संघ की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संघ द्वारा अंडर-14, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर वर्गों के लिए चयन ट्रायल की निर्धारित तिथियां जारी की गई हैं। पहले 24 अगस्त को प्रस्तावित अंडर-14 ट्रायल अब खराब मौसम के चलते 30 अगस्त को आयोजित होगा। इस दिन रायपुर से चयनकर्ता और प्रेक्षक कमल घोष भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी संघ के उपाध्यक्ष अभय त्रिपाठी और कोच अलंकार तिवारी ने दी। अंडर-19 ट्रायल 31 अगस्त, अंडर-23 एवं सीनियर ट्रायल 7 सितंबर तथा अंडर-16 ट्रायल 14 सितंबर को होंगे। पात्रता आयु सीमा भी तय की गई है-अंडर-14 के लिए 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच जन्मे खिलाड़ी, अंडर-16 के लिए 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012, अंडर-19 हेतु 1 सितंबर 2007 से पूर्व जन्मे और अंडर-23 के लिए 1 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच जन्मे खिलाड़ी शामिल होंगे। ट्रायल में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों को छह साल की मार्कशीट, डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधार कार्ड, जिले का मूल निवास प्रमाणपत्र और हाल की पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा। सभी दस्तावेजों का पीडीएफ भी अनिवार्य है। यदि खिलाड़ी या उसके अभिभावक सरकारी सेवा में हैं, तो जिले में कम से कम छह माह का कार्यकाल आवश्यक है। संघ ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का विशेष कैंप लगाया जाएगा, जिसमें आपसी मैचों और कोचिंग स्टाफ के मूल्यांकन से 15 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का अंतिम चयन होगा।

## एनएच पर बैठे मवेशियों से टकराया वाहन, दो गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शनिवार की रात एनएच 43 पर रेलवे स्टेशन रोड स्थित सिंह पेट्रोल पंप समीप एक वाहन चालक ने सड़क पर बैठी दो गायों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, साथ ही वाहन सवार एक युवती भी गंभीर रूप से घायल हो गई है।गौरतलब है कि श्री श्याम गौ सेवा समिति के गौ सेवक अपनी जान की परवाह किए बिना सड़क पर विचरण कर रहे मवेशियों को बीती रात रेडियम बेल्ट पहनाने का अभियान चला रहे थे, इनका उद्देश्य था कि रात के अंधेरे में वाहन चालक मवेशियों को आसानी से पहचान सकें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

- वाहन में सवार युवती हुई गंभीर रूप से घायल,इलाज हेतु अस्पताल कराया गया भर्ती
- मवेशियों को सड़क पर खुले में छोड़ने के आरोप में कुंजनगर निवासी मवेशी स्वामी पर भी दर्ज हुआ अपराध

शनिवार की रात करीब 11 बजे जब गौ सेवक आदित्य शर्मा, अक्षत पाठक, बिट्टू भारती, आनंद ठाकुर, रोहन राहु और मयंक साहू रेलवे स्टेशन में सिंह पेट्रोल पंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट पहना रहे थे, तभी टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 5935 का चालक कोरिया जिले के चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमझर निवासी रोशन राजवाड़े पिता सुदामा राजवाड़े ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठी दो गौ माता को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों गौ माता की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही वाहन में सवार उमझर गांव निवासी 19 वर्षीय रीतू दास पिता कन्हैया दास पनिका को गंभीर चोट आई है जिसे गौ सेवकों द्वारा तत्काल एंबुलेंस से सुरजपुर जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है,मामले में वाहन चालक रोशन राजवाड़े के खिलाफ प्रार्थी गौ सेवक कन्हैया दुबे पिता विजय दुबे द्वारा बिश्रामपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 291 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

ज्ञात हो कि शनिवार की रात जब सड़क पर आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाया जा रहा था,इसी दौरान एक मवेशी के कान में विभाग द्वारा लगाए गए विभागीय टैग का अवलोकन किया गया,जांच में विभागीय टैग के अनुसार पता चला कि उक्त मवेशी ग्राम कुंजनगर निवासी चंद्रकेश्वर राजवाड़े पिता वशिष्ठ राजवाड़े की है, इस आधार पर गौ सेवकों द्वारा तत्काल बिश्रामपुर थाना में मवेशी को आवारा छोड़ने और सड़क पर दुर्घटना का कारण बनने के आरोप में मवेशी स्वामी चंद्रकेश्वर राजवाड़े के खिलाफ धारा 281, 325 के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई है।बताया जा रहा है कि अब केवल लापरवाह वाहन चालकों पर ही नहीं, बल्कि सड़क पर आवारा मवेशियों को छोड़ने वाले पशु मालिकों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह कदम आमजन की सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम माना जा रहा है,ज्ञात हो कि सड़कों पर आवारा पशुओं के कब्जा से आमजन को बेवजह खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

### सनराइज स्कूल में बच्चों के बीच मटका सजाओ प्रतियोगिता

**अंबिकापुर।** सनराइज स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच मटका सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पना शक्ति का प्रदर्शन करते हुए रंग बिरंगे घड़ो को सजाकर सभी का मन मोह लिया.इसके साथ ही बच्चों ने श्री कृष्ण और राधा रानी वेश भूषा धारण कर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। इस दौरान प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने का काम करते है और उनमें आत्मविश्वास भरते है। कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



### भक्तिभाव से मना गुरु ग्रन्थ साहेब का पहला प्रकाश पर्व

**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रविवार की सुबह तड़के श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी का पहला प्रकाश पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया,आयोजन को लेकर प्रबंधन कमेटी व समूह साध संगत द्वारा तीन दिनों पूर्व से तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई थीं,इसके लिए विशेष तौर पर गुरुद्वारा प्रांगण की फूलों से सजावट कराई गई,रविवार की सुबह तड़के करीब 3:45 बजे समूह साध संगत की मौजूदगी में गुरु ग्रन्थ साहेब जी का प्रकाश मुख्य ग्रंथी द्वारा किया गया, हुकूमनामा पढ़ने पश्चात रागी जत्थे भाई अनोख सिंह, हरप्रीत सिंह व बलबीर सिंह ने गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया,सुबह 7 बजे अरदास समाप्ति पश्चात प्रसाद रूपी गुरु का लंगर वितरण किया गया,इस दौरान सिक्ख समाज के सुरजीत सिंह चावला, आनंददीप चावला, जसबीर सिंह, मंजीत सिंह भामरा, रणबीर भामरा, सुविंदर सिंह, प्रिंस ढिल्लों, हरजीत सिंह सैनी, गुरदीप माखीजा, गुरविंदर माखीजा, मनप्रीत सिंह सोहल उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने स्पेशलाइज्ड पंचकर्म थेरेपी सेंटर का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्पेशलाइज्ड पंचकर्म थेरेपी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर परिसर का अवलोकन करते हुए उन्होंने साफ सफाई, भवन मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम, जिला आयुष अधिकारी, आयुर्वेद अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने निरीक्षण के दौरान स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर में सभी उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान ओपीडी मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने भवन के मरम्मत, साफ सफाई के लिए भी निर्देशित किया।



## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विविध कार्यक्रम में 200 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय एकता पर्व 2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद एवं संयोजक आनंद खेस रहे। इस अवसर पर संकुल अंतर्गत आने वाले छह विद्यालयों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में केवीएस कला उत्सव की विविध प्रतियोगिता आयोजित की गईं। इनमें समूह नृत्य, समूह गीत, कलाकृतियों, परियोजनाओं का प्रदर्शन, वाद्य एवं स्वर संगीत, लोक एवं शास्त्रीय नृत्य, नाट्य मंचन, दृश्य कला की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, लोकनृत्य गरबा, पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीतों को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रतियोगिताओं में समूह नृत्य, समूह गीत, नाट्य मंचन, दृश्य एवं प्रदर्शनी कला, वाद्य व स्वर संगीत, पारंपरिक कहानी कथन, पेंटिंग में अपनी कला का जौहर दिखाया। छात्रों ने गरबा नृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा और कला के माध्यम से गुजरात की सांस्कृतिक समृद्धि को अभिव्यक्त किया। मुख्य अतिथि राजेश प्रसाद ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत की असली शक्ति उसकी सांस्कृतिक विविधता और एकता में निहित है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के सूत्र में जोड़ते हैं।

प्रतियोगिताओं में केन्द्रीय विद्यालय झगराखांड ने समूह गीत, पेंटिंग, स्वर संगीत, दृश्य कला 2डी और पारंपरिक कहानी कथन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि केन्द्रीय विद्यालय जशपुर ने वाद्य संगीत, समूह नृत्य और दृश्य कला समूह प्रतियोगिताओं में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। इसी तरह केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी ने प्रदर्शनियों एवं समूह नृत्य में, मनेन्द्रगढ़ ने वोकल म्यूजिक ग्रुप और वाद्य संगीत परकशन में, बैकुंठपुर ने दृश्य कला 3डी में तथा मेज़बान केन्द्रीय विद्यालय अंबिकापुर ने नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं को आगामी संभागीय स्तर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अंबिकापुर संकुल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।




**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया कला उत्सव**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, में सोमवार को छात्रों के बीच कला, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय ने दो प्रमुख कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत और कला उत्सव 2025 का आयोजन किया। दिन भर चले कार्यक्रमों में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने समूह नृत्य, समूह गीत, और पारंपरिक कलाकृतियों की प्रदर्शन किया तथा चित्रकारी प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाया। छात्रों की प्रस्तुति भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट उदाहरण थीं। इसके बाद, कला उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई श्रेणियों में प्रतियोगिताएं हुईं। गायन और वादन में छात्रों ने शास्त्रीय और लोक शैलियों में गायन वादन की। शास्त्रीय व लोक नृत्य तथा लघु नाटकों की प्रस्तुति दी। विद्यालय की लाइब्रेरी और आर्ट रूम में आयोजित दृश्य कला प्रतियोगिता में चित्रकला, मूर्तिकला और अन्य कला रूपों में प्रभावशाली काम दिखाए गए। कार्यक्रम में पारंपरिक भारतीय कलाओं का भी जश्न मनाया गया, जिसमें एक छात्र ने पारंपरिक खिलौने और खेल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया और एक सर्वांगीण शैक्षिक वातावरण बनाने में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया।



## 84 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब तस्करी करने के मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने देश शराब के टेट्रा पैक की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पकड़ने के साथ ही उनके पास से 84 लीटर शराब जब्त किया है।

बता दें कि अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी व एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रघुनाथनगर पुलिस ने झापर के रास्ते में घेराबंदी कर बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडडी 2001 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान वाहन सवार एमपी सिंगरौली बैढ़न के ग्राम गुफापर निवासी चन्दन बाबू आया. नागेन्द्र प्रसाद व सहयोगी यूपी बभनी डूमरहर निवासी अब्दुल सत्तार आ. स्व. हनीफ खान को हिरासत में लेकर वाहनों की तलाशी ली गई।

इस दौरान आरोपियों के पास से 420 नग वाह ऑरेंज नामक शराब जब्त किया गया। आरोपियों के पास से कुल 84 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है जिसकी कीमत 8 लाख 31 हजार 500 रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक देवेंद्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक योगेश मरावी, आरक्षक जुगेश जायसवाल, नगर सैनिक सचेत साहू, अरुण पटेल, टेकचंद वर्मा सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप



### कृषि व पशु सखी नियुक्ति पर ग्रामीणों में असंतोष

**पुसौर।** शासन की मंशा है कि महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हर ग्राम पंचायत में कृषि सखी और पशु सखी नियुक्त की जाएं ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और किसानों व पशुपालकों को तकनीकी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। कृषि सखी के लिए न्यूनतम 8वीं पास और कृषि संबंधी ज्ञान आवश्यक है, वहीं पशु सखी के लिए 8वीं उत्तीर्ण होने के साथ घर में कम से कम दो बकरी या भेड़ होना अनिवार्य शर्त है। लेकिन जनपद पंचायत पुसौर क्षेत्र से उठ रही आवाजें शासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिहान के पदाधिकारियों द्वारा तय नियमों को दरकिनार कर मनमानी नियुक्तियां की जा रही हैं और अपने चहेती महिलाओं को यह अवसर दिया जा रहा है। इससे कई योग्य महिलाएं वंचित रह गई हैं, वहीं पारदर्शिता की कमी से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि सरकार की यह योजना किसानों और महिलाओं तक सही मायनों में लाभ पहुंचाना चाहती है तो नियुक्ति प्रक्रिया मापदंड आधारित और पारदर्शी होना चाहिए।

### महतारी वंदना योजना नहीं, मेहनत पर भरोसा

**सरसीवा।** छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान प्रदेश है जहां की माताएं और बहनें विष्णुदेव सरकार की महतारी वंदना योजना से कहीं अधिक अपनी मेहनत और परिश्रम पर भरोसा रखती हैं। सुबह से शाम तक खेत-खलिहान में काम कर वे पसीना बहाकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। लेकिन जब उन्हें यह सुनने को मिलता है कि दाल, चावल और सब्जी के दाम आसमान छू रहे हैं, रसोई गैस महंगी हो गई है, खाद्य पदार्थों और घरेलू वस्तुओं पर जीएसटी लग रहा है, तो उनके मन में आक्रोश पैदा होता है।

## पेज 3 का शेष

### जशपुर से हिमालय ...

और बेसकैंप गतिविधियों में सहयोग दिया है। इस अभियान का संचालन पहाड़ी बकरा एडवेंचर कर रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ का प्रमुख औद्योगिक समूह हिरा ग्रुप इस पहल से प्रेरित होकर आधिकारिक प्रायोजक बना है। रेकी ऑउटडोर्स ने टीम को आधिकारिक पर्वतीय परिधान मुहैया कराए हैं, जबकि रेडपांडा ऑउटडोर्स और गोल्डन बोल्डर्स ने उपकरण सपोर्ट दिया है। आदि कैलाश वेलनेस पार्टनर के रूप में टीम के स्वास्थ्य और रिकवरी में सहयोग कर रहा है। मुख्य प्रायोजकों के अलावा कुल मिलाकर 15 कंपनियों ने अपना सहयोग प्रदान कर इसे शुरुआत से ही एक सफल अभियान बना दिया है। जशपुर से निकले ये पांच युवा अब हिमालय की मियार वैली की ऊंचाइयों को छूने के सपने के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ज्ञात रहे कि यह टीम 31 अगस्त को जशपुर से हिमाचल प्रदेश की ओर गंतव्य के लिए निकलेगी। एक महीने के इस अभियान पर जनजातीय युवक देश-विदेश के प्रसिद्ध माउंटेन क्लाइम्बर्स के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लीडर के तौर पर प्रतिभाग करेंगे। यह पहल केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और देश के लिए एक प्रेरणा है। यह साबित कर रही है कि अवसर और सहयोग मिलने पर जंगलों और गाँवों से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्वतारोही तैयार हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अभियान आने वाले समय में भारतीय हिमालयी पर्वतारोहण की दिशा बदल सकता है और अगली पीढ़ी के अल्पाइन क्लाइम्बर्स इन्हीं अप्रत्याशित इलाकों से निकल सकते हैं। यह केवल एक चढ़ाई नहीं, बल्कि बदलाव की चढ़ाई है।

### साले ने की जीजा ...

में उसका साला, आरोपी सत्यम राम, के द्वारा अपनी बहन को तुम्हारे साथ नहीं भेजूंगा, कहते हुए, इसके साथ वाद विवाद करने लगा, व गुस्से में मृतक रामसाय राम के पेट में, जोरदार लात मारा है, जिससे उसके पेट में दर्द हो रहा है। फिर 22 अगस्त को शाम 4 बजे उसके बेटे की मृत्यु हो गई।

### गौवंश तस्करी पर ...

तथा कबीर सिदार (38 वर्ष) निवासी बगिया कांसाबेल बताया। पुलिस द्वारा मांगे जाने पर आरोपियों ने 20 नग गौवंश की खरीदी का बिल प्रस्तुत किया, किंतु जांच में वह फर्जी पाया गया। बिल में दर्ज व्यक्ति ने किसी प्रकार के मवेशी खरीदने से इनकार किया। प्राथमिक जांच मे सामने आया है कि गौवंश ग्राम टाटीडांड निवासी घूरन नामक व्यक्ति के कहने पर लोड किए गए थे। पुलिस इस संबंध में विस्तृत जांच कर रही है।

### 6494.87 लाख की लागत से बनेगा ओवरब्रिज, जनता को जाम से मिलेगी राहत

# खरसिया आरओबी को वित्त विभाग से हरी झंडी, वर्षों का संघर्ष लाया रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

खरसिया रेलवे यार्ड के पास वर्षों से लंबित पड़े रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने इस परियोजना को स्वीकृति दे दी है। करीब 6494.87 लाख रुपए की लागत वाली इस परियोजना को लेकर लंबे समय से अटकी हुई फाइल अब आगे बढ़ चुकी है। यह मंजूरी खरसिया की जनता के लिए राहत की बड़ी खबर है और साथ ही शहीद नंदकुमार पटेल के अधूरे सपने की पूर्ति की दिशा में ठोस कदम है।

खरसिया रेलवे फाटक की समस्या आम लोगों के जीवन में कई सालों से बड़ी बाधा बनी हुई थी। फाटक बंद रहने के कारण आए दिन लोग जाम में फंसे रहते थे और शहर का यातायात पूरी तरह ठप हो जाता था। जनवरी 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस ओवरब्रिज की घोषणा की थी। मार्च 2021 में प्रस्ताव इंजीनियर इन चीफ को भेजा गया, सर्वे पूरा हुआ और 2022 में भूमिपूजन भी कर दिया गया। सितंबर 2023 तक टेंडर प्रक्रिया और भू-अर्जन का काम भी संपन्न हो गया था। लेकिन दिसंबर 2023 में सत्ता परिवर्तन के बाद नई भाजपा सरकार ने राजनीतिक कारणों से वित्त विभाग से अनुमति रोक दी। परियोजना ठप पड़ गई और खरसिया के लोगों की उम्मीदों को गहरा झटका लगा।



### ओवरब्रिज से मिलने वाले लाभ

**ट्रैफिक जाम से राहत** : अब घंटों तक बंद रहने वाले रेलवे फाटक से छुटकारा मिलेगा।
सुरक्षित यातायात : फाटक पार करते समय हादसों का खतरा खत्म होगा।
**समय और ऊर्जा की बचत** : रोजाना हजारों वाहन चालकों और पैदल यात्रियों का समय बचेगा।
**शहर के विकास को गति** : व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।
भविष्य की नींव : खरसिया के विकास को नया आयाम मिलेगा।

### जनता की आवाज बने उमेश पटेल



इस परियोजना को गति दिलाने के लिए खरसिया विधायक उमेश पटेल लगातार संघर्षरत रहे। उन्होंने विधानसभा में बार-बार सवाल उठाए। यहाँ तक कि सदन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव को स्वीकार करना पड़ा कि वित्त विभाग के निर्देश पर ही यह परियोजना लंबित है। सिर्फ सदन में ही नहीं, बल्कि सड़क पर भी उमेश पटेल ने आंदोलन की अगुवाई की। उन्होंने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ तहसील कार्यालय के सामने धरना दिया। बाद में उन्होंने जनता को आंदोलन से सीधे जोड़ते हुए 18 वार्डों के सैकड़ों नागरिकों से हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा। इसमें साफ चेतावनी दी गई कि अगर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो व्यापक आंदोलन होगा।

### दबाव के आगे झुकी सरकार

लगातार बढ़ते दबाव और जनता की नाराजगी के चलते भाजपा सरकार अंततः बैकफुट पर आ गई। वित्त विभाग ने स्वीकृति जारी कर दी और लोक निर्माण विभाग नवा रायपुर को इसकी जानकारी दे दी। पत्र अवर सचिव मनराखन भूआर्य द्वारा जारी किया गया। हालाँकि, यह केवल स्वीकृति है। असली राहत तब मिलेगी जब निर्माण कार्य धरातल पर तेजी से शुरू होगा। जनता को उम्मीद है कि अब देरी नहीं होगी और जल्द ही काम शुरू होगा। स्वीकृति की खबर मिलते ही खरसिया के नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे जनता की सामूहिक जीत बताया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेलवे फाटक के कारण हमें रोजाना कई बार परेशानी झेलनी पड़ती थी। बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी दिक्कत होती थी। अब ओवरब्रिज बनने से यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

# दीवार ढह जाने से दब कर महिला की मौत

**रायगढ़।** जिले में कुछ दिनों से हो रही अनवरत बारिश के बीच बीती रात घर के मिट्टी का दीवार ढहने उसमें एक नवविवाहिता दब कर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कापू थाना क्षेत्र के ग्राम लिप्ती के कठरापारा निवासी सुनिता लकड़ा पति संजीव लकड़ा 20 वर्ष की एक साल पहले शादी हुई थी और वह अपने पति व सास-ससुर के साथ रह रही थी। इस दौरान विगत दो दिनों से अनवरत हो रही बरसात के बीच शनिवार की रात करीब एक बजे उसके कच्चे मकान की दीवार में दरार आने लगी थी, जिसे देख सुनिता और संजीव दोनों अपने पलंग को कमरे से बाहर निकाल रहे थे। इस दौरान संजय पलंग को लेकर आगे निकल गया और सुनिता पीछे में थी, तभी अचानक मिट्टी का दीवार उसके ऊपर ही गिर गया। वहीं इस हादसे को देख संजीव ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मिट्टी को हटाते हुए उसे बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ऐसे में घटना की सूचना कापू पुलिस को दी गई। जिससे पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया तो पाया कि उक्त मृतिका नवविवाहिता है, जिससे घटना की सूचना तहसीलदार को दी गई और उनके मौजूदगी में पंचनामा व मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद मर्ग जांच उपरांत ही मौत के कारणों को सही खुलासा हो सकेगा।

### एक की करंट से मौत, दूसरा फांसी पर झूला, मर्ग कायम

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना बायसी लाखपतरा गांव की है। रामप्रसाद राठिया 37 वर्ष सुबह करीब 8.30 बजे अपने खेत में बोर पंप चालू करने गया था। पंप को चालू करने के दौरान वो हुकिंग कर रहा था तभी अचानक करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी और भांजा खेत पहुंचे, जहां उन्होंने रामप्रसाद को मृत अवस्था में पाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच के बाद मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी घटना बराड़ीमुड़ा जंगल की है। रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की जांच की। मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष बताई जा रही है।

# गणेश उत्सव पर प्रशासन के दोहरे मापदंड से भड़के आयोजक

**राउरकेला।** विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना का महापर्व इस बार शहर में भव्य रूप लेने वाला है। हजारों मजदूर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं ताकि पंडालों को आकर्षक स्वरूप दिया जा सके और श्रद्धालु पूरे मनोयोग से प्रभु के दर्शन कर सकें। लेकिन इन तैयारियों के बीच प्रशासन के दोहरे मापदंड और भेदभाव के आरोप गहराने लगे हैं।

शहर की कई गणेश पूजा समितियों का कहना है कि कुछ स्थानों पर आयोजन समितियों को साल भर मुफ्त में मैदान उपलब्ध कराया जाता है, जबकि कई समितियों से एक बार के आयोजन के लिए भी भारी शुल्क वसूला जा रहा है। वहीं, कुछ समितियां सालों से कब्जाई जगह पर आयोजन करती आ रही हैं और वहां से लाखों की उगाही भी हो रही है, मगर प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। गणेश पूजा समितियों का आरोप है कि अन्य धार्मिक आयोजनों में जहां प्रशासन की ओर से टैंकर, एंबुलेंस, सफाई और रोशनी जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं, वहीं गणेश उत्सव में इन समितियों को खुद सफाई और व्यवस्था करनी पड़ रही है। पर्व सात से दस दिन तक चलता है, लेकिन बावजूद इसके सरकार और प्रशासन की मदद का अभाव बना हुआ है।



■ कहीं सालों से मुफ्त सुविधा तो कहीं एक बार का भारी शुल्क

### विपक्ष ने साधा निशाना

एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने मामले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी है कि सभी पूजा स्थलों पर समान रूप से साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था की जाए। शुल्क वसूली में भी एकरूपता होनी चाहिए। अन्यथा आने वाले समय में धार्मिक आयोजनों में यह भेदभाव बड़ा सवाल खड़ा करेगा। आयोजन समितियों का कहना है कि प्रशासन यदि इस विषय में जल्द स्पष्ट नीति नहीं बनाता तो भविष्य में विरोध की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।

### स्मार्ट सिटी राउरकेला में नियमों की अनदेखी

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड राउरकेला में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। संस्था में तैनात एक वरिष्ठ वित्त अधिकारी पर सरकारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 65 वर्ष से अधिक आयु होने के बावजूद पद पर बने रहने का आरोप लगा है। उल्लेखनीय है कि बीते सितंबर माह में जारी आदेश के अनुसार इस आयु से ऊपर किसी भी अधिकारी को किसी भी प्रकार का प्रभार सौंपना प्रतिबंधित है। करोड़ों के प्रोजेक्ट से जुड़ी इस संस्था में नियमों की ऐसी अनदेखी चिंता का विषय बन गई है। हैरानी की बात है कि स्थानीय प्रशासन और उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी होने के बावजूद अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। इससे न केवल स्मार्ट सिटी परियोजना की पारदर्शिता पर प्रश्न उठ रहे हैं, बल्कि विजिलेंस विभाग की भूमिका भी कटघरे में खड़ी हो रही है।

# डॉ. त्रिपाठी कलिंगा यूनिवर्सिटी में राज्यपाल पुरस्कार से हुईं अलंकृत

**रायगढ़।** राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित कलिंगा यूनिवर्सिटी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में रायगढ़ की शिक्षिका डॉ. मनीषा त्रिपाठी प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला को राज्यपाल पुरस्कार से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें शैक्षिक शोध, अनुसंधान नवाचार, उत्कृष्ट अध्यापन, बहुमुखी प्रतिभा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनके सतत योगदान के लिए प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलिंगा यूनिवर्सिटी के द्रोणाचार्य कहे जाने वाले आर्यवीर आर्य मंचासीन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, एमडी फाउंडेशन सरायपाली के चेयरमेन डॉ. अनिल कुमार प्रधान सहित कई शिक्षाविद् और गणमान्य जन उपस्थित थे। इस



अवसर पर विभिन्न जिलों से आए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और सिंगापुर से आए शोधार्थियों सहित कई विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों और विभागाध्यक्षों की सहभागिता रही। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सम्मानित शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि "शिक्षक ही समाज के असली निर्माता हैं, जिनके मार्गदर्शन से आने वाली पीढ़ी उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होती है।

### अवैध रेत परिवहन करते 9 ट्रैक्टरों को पकड़ा

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने रविवार सुबह अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार रेत के अवैध परिवहन की सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सरायपाली बाजार चौक पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 9 ट्रैक्टर बिना रॉयल्टी रेत का परिवहन करते पकड़े गए। वाहन चालकों द्वारा रॉयल्टी आदि को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं देने पर सभी पर कार्रवाई की गई है और सूचना खनिज विभाग को भी दी गई है। थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अवैध शराब, कबाड़ और बहुमूल्य खनिजों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई में चालक धनेश्वर निषाद निवासी गुरदा, खरसिया, तरुण कुमार डनसेना बरभौना, छाल, आदि को पकड़े गए।

# माल परिवहन में ओवरलोडिंग और जीएसटी फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

ओडिशा के सुंदरगढ़, केऊँझर, ढेंकानल और झारसुगुड़ा जिलों से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और पंजाब की ओर जाने वाले माल परिवहन में बड़े पैमाने पर ओवरलोडिंग और जीएसटी फर्जीवाड़ा का खेल चल रहा है।

■ ओडिशा-झारखंड सीमा में वैध ट्रांसपोर्टरों की बढ़ी परेशानी

स्पंज आयरन, सरिया, बिलेट, एमएस पाइप, एमएस सीट, स्क्रैप सहित अन्य सामग्रियों के परिवहन में निर्धारित सीमा से अधिक भार लादने और फर्जी इनवॉइस के जरिए कर चोरी की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। यह न केवल अनुचित प्रतिस्पर्धा को जन्म दे रहा है बल्कि सड़क हादसों और कानूनी कार्यवाही के खतरे को भी बढ़ा रहा है। राउरकेला पहले भी जीएसटी घोटाले का हब माना गया है। वर्ष 2022 में यहां करोड़ों रुपए का जीएसटी फर्जीवाड़ा उजागर हुआ था। जिसमें पांच लोग गिरफ्तार हुए थे। फर्जी इनवॉइस बनाकर कर चोरी की गई थी और दिहाड़ी मजदूरों, ठेला विक्रेताओं तक के नाम पर फर्जी समन जारी हुए थे। अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक राउरकेला में सैकड़ों फर्जी खातों का पकड़ा जाना इस घोटाले की गंभीरता को दिखाता है। हाल ही में 2025 में सीबीआई ने पटना, जमशेदपुर और झारखंड के कई स्थानों पर 100 करोड़ रुपए का जीएसटी रिफंड घोटाला पकड़ा, जिसमें सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत सामने आई।

# बिसरा चौक से बंडामुंडा मार्ग की जर्जर हालत से जनता बेहाल

**राउरकेला।** शहर की मुख्य सड़कों में गिने जाने वाले बिसरा चौक से बंडामुंडा मार्ग की बदहाली इन दिनों नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। खटाल, फटा पाइप और तिलका नगर होते हुए बंडामुंडा की ओर जाने वाले इस रास्ते पर जगह-जगह बने गड्ढे और टूटी सड़कें बरसात के दिनों में जलभराव के कारण और भी खतरनाक हो गई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग अस्पताल, बाजार और दैनिक जरूरतों के लिए सबसे जरूरी है, लेकिन इसकी स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना भी चुनौती बन गया है। वाहन चालक और राहगीर रोजाना हादसे के डर के साए में सफर करने को



मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों ने कई बार सड़क मरम्मत के लिए प्रशासन और राउरकेला नगर निगम से गुहार लगाई, मगर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का आरोप है कि विभागीय जटिलताओं और उदासीनता के कारण सड़क सुधार कार्य अधर में लटका हुआ है।

### नए आयुक्त से उम्मीदें

हाल ही में नए आयुक्त ने कार्यभार संभाला है। जिससे नागरिकों को उम्मीद जगी है कि जल्द ही इस जर्जर मार्ग का नवीनीकरण होगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि बरसात खत्म होने के तुरंत बाद प्राथमिकता के आधार पर इस सड़क की मरम्मत की जाए।

# नेतनगर में पोला और भोजली उत्सव धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर बसे ऐतिहासिक ग्राम नेतनगर में इस वर्ष भी पारंपरिक पोला त्यौहार और भोजली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माना जाता है कि नेतनगर प्राचीन काल में एक नगर रहा होगा, क्योंकि यहां से कई पुरानी खंडित मूर्तियां और अवशेष मिले हैं।

भाद्रपद अमावस्या को मनाया जाने वाला पोला त्यौहार किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है। यह पर्व बैलों के योगदान और महत्व को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। मिट्टी के बने छोटे-छोटे पोला बैलों की पूजा कर बच्चे उन्हें पूरे गांव और धार्मिक स्थलों में भ्रमण कराते हैं। इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नेतनगर के



युवा कलाकार पांडव पटेल ने बताया कि गांव में पोला पर्व के साथ ही भोजली उत्सव भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। महिलाएं और युवतियां पारंपरिक गीत गाते हुए भोजली का विहाव नगर कीर्तन के रूप में निकालकर विसर्जन करती हैं। विसर्जन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामीणों ने दोनों पारंपरिक पर्वों को एक साथ मनाकर आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।

### गायन और वादन के साथ नृत्य की विविध शैलियों की होगी प्रस्तुति

# चक्रधर समारोह : शास्त्रीय संगीत, लोक कला के दिखेंगे रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

देश विदेश में ख्यातिप्राप्त चक्रधर समारोह का आगाज 27 अगस्त से होने जा रहा है। कला के कई रूपों के साधकों और फनकारों की प्रतिभा का गवाह समारोह का मंच बनेगा। इस वर्ष समारोह में शास्त्रीय संगीत के साथ लोक कलाओं का संगम देखने को मिलेगा। शास्त्रीय गायन और वादन के साथ नृत्य की विभिन्न शैलियों की प्रस्तुतियां होने जा रही है।

शास्त्रीय कला रूपों के लिए एक सशक्त और अभिव्यक्त मंच के रूप में विख्यात चक्रधर समारोह के इस संस्करण में कथक नृत्य के साथ ओडिसी, भरतनाट्यम और शास्त्रीय नृत्य शैलियों को इस इस विधा के जानेमाने कलाकारों द्वारा मंच में जीवंत किया जाएगा। इन नृत्य शैलियों में कथक जहां उत्तर भारत का प्रतिनिधित्व करता है तो ओडिसी पूर्व और मोहिनीअट्टम व भरतनाट्यम दक्षिण भारत के प्रसिद्द नृत्य है। ये



नृत्य शैलियां भारत की प्राचीन संस्कृतिक और कलात्मक विरासत की अभिव्यक्ति हैं और अपनी अनूठी नृत्य मुद्राओं, वेशभूषा, संगीत और कथा वाचन के लिए जाने जाते हैं। शास्त्रीय गायन के साथ वादन से कलाकार सुर और ताल का अनूठा संगम पेश करेंगे। चक्रधर समारोह में इस दफे सितार की मधुर गुंज, तबले की लयबद्ध थाप, संतूर जिसे सौ तारों वाली वीणा कहा जाता है के मिठास भरे सुर के साथ बांसुरी की स्वर लहरियों को सुनने का मौका मिलेगा।

एक ओर जहां शास्त्रीय नृत्यों के प्रस्तुतियां होंगी वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं के विविध रूप का साक्षी चक्रधर समारोह का मंच बनेगा। जिनमें प्रदेश के प्रसिद्ध पंथी नृत्य की प्रस्तुति होगी। लोकगीतों और लोकरंग प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकार छत्तीसगढ़ के जनजीवन में रचे बसे कला के रंगों को मंच पर बिखेरेंगे। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ से निकल कर राष्ट्रीय पटल पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके मलखंभ के खिलाड़ी भी चक्रधर समारोह में शिरकत करेंगे। इंडियाज गॉट टैलेंट के विनर्स और अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों के अद्भुत योग और जिम्नास्टिक मुद्राओं का प्रदर्शन समारोह में देखने को मिलेगा।



खरसिया आरओबी को वित्त विभाग से हरी झंडी, वर्षों का संघर्ष लाया रंग



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में जानी लोगों की समस्याएं व शिकायतें

**जशपुरनगर।** जिला कार्यालय में सोमवार को अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री सम्मान निधि प्राप्ति, राजस्व संबंधी मामले, रोजगार, शिक्षक मांग, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्राप्ति, मजदूरी भुगतान, ट्रांसफार्मर बदलने, अतिक्रमण हटाने, मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने, पीडीएस में अनियमितता की शिकायत आदि संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए।

### जिले में 1 जून से अब तक 8514.2 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 8514.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 25 अगस्त तक की स्थिति में 7818.2 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 144.0 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 982.3 मिमी, मनोरा में 1046.3 मिमी, कुनकुरी में 1218.3 मिमी, दुलदुला में 530.9 मिमी, फरसाबहार में 683.1 मिमी, बगीचा में 929.0 मिमी, कांसाबेल में 798.5 मिमी, पत्थलगांव में 747.2 मिमी, सन्ना में 976.0 मिमी एवं बागबहार में 602.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### गणेशोत्सव को शांतिपूर्ण मनाने समिति की बैठक

**जशपुरनगर।** भगवान गणेश की स्थापना के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ होगा। उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक और व्यस्थित तरीके से मनाने के लिए आज सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, एसडीएम विश्वास राव मस्के, सीएमएचओ डॉ. जीएस जात्रा, एसडीओपी चंद्रशेखर परमा, कमांडेंट जिला सेनानी विपिन लकड़ा मौजूद रहे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री साहू ने गणेश पंडाल आयोजक समितियों से कहा कि प्रशासन के द्वारा समितियों को हर जरूरी सहयोग प्रदान किया जाएगा। विसर्जन के दौरान रेस्क्यू टीम तैनात रहेगी। इसके साथ यातायात व्यवस्था के लिए भी टीमें लगाई जाएगी। उन्होंने आयोजकों को रैली निकालने और विसर्जन करने के समय की सूचना प्रशासन को देने को कहा। ताकि आवश्यक व्यवस्था बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचने विसर्जन के समय विशेष सावधानी बरते। जिनको तैरना आता है वहीं विसर्जन के दौरान मौजूद रहे। बैठक में अतिरिक पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी की मूर्ति स्थापित करने, गणेश पंडाल में बिजली की समुचित व्यवस्था करने, किसी जिम्मेदार व्यक्ति को वॉलंटियर रखने, फायर एक्सटिंग्विशर रखने, जुलूस के समय किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र का उपयोग नहीं करने, तालाब में अनावश्यक कचरा नहीं फैलाने और साउंड सिस्टम को निर्धारित ध्वनि स्तर पर बजाने की अपील आयोजक समितियों से की।

रॉक क्लाइम्बिंग चढ़ाई के लिए निकलने की कर रहे तैयारी

# जशपुर से हिमालय तक जनजातीय युवाओं की ऐतिहासिक चढ़ाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिला जो अब तक अपनी हरियाली, झरनों और शांत वनों के लिए प्रसिद्ध रहा है, देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर की स्थापना के बाद अब एक और नई पहचान बनाने जा रहा है।

भारत के इतिहास में पहली बार किसी प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय युवा हिमालय की चोटियों पर अल्पाइन तरीके की रॉक क्लाइम्बिंग चढ़ाई के लिए निकलने की तैयारी कर रहे हैं। मियार वैली ट्राइबल अल्पाइन एक्सपेडिशन 2025 केवल एक पर्वतारोहण अभियान नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व और उम्मीद की कहानी बन रहा है। इस अभियान के लिए अंतिम चरण में पांच युवाओं का चयन किया गया है, जिनकी अपनी-अपनी कहानियां प्रेरणादायक हैं। रुसनाथ भगत जो एमए हिस्ट्री के छात्र और एनसीसी कैडेट हैं, शहर में अपने लोकप्रिय नेपोलियन चाउमिन सेंटर चलाते हैं और कंटेंट क्रिएशन में भी सक्रिय हैं। तेजल भगत एम.एससी. बॉटनी की छात्रा, अपने गांव बस्ता में एकता क्लब के जरिए शिक्षा और बाल अधिकारों के लिए काम करती हैं। सचिन कुजूर, एमए हिस्ट्री के छात्र, जय हो एनजीओ से जुड़े रह चुके हैं और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ मंडार, एक पारंपरिक जनजातीय वाद्य बजाने में माहिर हैं। प्रतीक, बीकॉम स्नातक और एनएसएस वॉलंटियर, खेती करना पसंद करते हैं और परिवार का सहारा बनने के लिए बर्तन की दुकान में काम भी कर चुके हैं। वहीं रवि सिंह, बाइक मैकेनिक और साइकिलिंग के शौकीन ने हाल ही में जशपुर का पहला देशदेखा क्लाइम्बिंग को नामक एडवेंचर गाइडिंग कार्य बाकी प्रशिक्षित युवाओं के साथ शुरू किया है। टीम को जशपुर के जंगलों और आसपास की चट्टानों में कठोर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहाँ उन्हें कैंपिंग, ट्रैड क्लाइम्बिंग, रूट ओपनिंग, वाइल्डरनेस फर्स्ट एड और माउंटेन एथिक्स जैसी अहम तकनीकें सिखाई जा रही हैं। प्रशिक्षण की कमान स्वप्निल शिरीष रचेलवार, अमेरिका से डेव गेट्स, रनर्सग्च से सागर दुबे, प्रसिद्ध भारतीय कोच प्रतीक निनवाने वर्तमान में यू मुम्बा कबड्डी टीम के प्रमुख फिटनेस कोच और ईशान गुप्ता जैसे अनुभवी प्रशिक्षकों के हाथों में है। यह प्रशिक्षण केवल शारीरिक तैयारी नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर भी केंद्रित है। जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के इस अभियान को स्थानीय लोगों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बड़े पैमाने पर समर्थन मिला है। विश्व की सबसे बड़ी पर्वतारोहण उपकरण निर्माता कंपनी पेटज़ल ने भारत में अपने साझेदार अलाइड सेफ्टी इक्विपमेंट के साथ मिलकर आधिकारिक उपकरण प्रायोजक की भूमिका निभाई है। अद्वेनोम एडवेंचर और जय जंगल ने पौष्टिक और ऑर्गेनिक भारतीय शैली के एडवेंचर फ़ूड उपलब्ध कराने का जिम्मा उठाया है। रनर्सग्च, एक प्रतिष्ठित एथलीट कोचिंग ब्रांड, टीम की शारीरिक और मानसिक मजबूती पर काम कर रहा है। इसके साथ स्पेन की प्रसिद्ध बार्सिलोना क्लाइम्ब्स और मिस्टिक हिमालयन ट्रेल्स ने गाइडिंग ⏭ शेष पेज 4 पर





## जिले में 3 सिंचाई योजनाओं के मरम्मत व जीर्णोद्धार की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और कृषि उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में तीन महत्वपूर्ण सिंचाई योजनाओं के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 9 करोड़ 49 लाख 23 हजार की लागत के इन तीन सिंचाई योजनाओं के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो जाने से सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इससे कृषि उत्पादन क्षमता बढ़ने से किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।



■ 9.49 करोड़ की लागत से होगा मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य

मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर जिन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है उनमें विकासखंड फरसाबहार में 3 करोड़ 47 लाख 21 हजार रुपए लागत से कोनपारा (दलटोली डेम) का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य, 3 करोड़ 46 लाख 14 हजार रुपए की लागत के विकासखंड बगीचा में सोरो व्यपवर्तन योजना का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य और 2 करोड़ 55 लाख 88 हजार रुपए की लागत से विकासखंड फरसाबहार की अंकिरा तालाब योजना का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने पर सिंचाई की सुविधा में बढ़ोतरी होगी। किसानों को वर्षभर फसलों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। इसके साथ ही जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा जिससे सूखे की स्थिति में भी फसलों को सुरक्षित रखा जा सकेगा। इन कार्यों के पूरा हो जाने से न केवल किसानों की आय और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण अंचल की कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी।

### लेखा प्रशिक्षण शाला में लिपिकीय संवर्ग हेतु आवेदन 30 तक

**अम्बिकापुर।** लेखा प्रशिक्षण शाला अंबिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि सत्र नवम्बर 2025 से फरवरी 2026 तक लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी हेतु आवेदन 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया गया है। पूर्णरूपेन भरा हुआ आवेदन पत्र जिसमें 3 वर्ष पूर्ण सेवा के साथ परिवीक्षा अवधि अनिवार्य रूप से पूर्ण होने के पश्चात अपने कार्यालय/विभाग के माध्यम से कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला अम्बिकापुर, कन्या परिसर, (महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) में निर्धारित समयावधि में जमा किया जा सकता है।

## एनएचएम महिला कर्मियों ने शासन के खिलाफ रचाई मेहंदी

**जशपुरनगर।** जिले के 800 से अधिक एनएचएम अधिकारी, कर्मचारी अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के पूरे होने की आस में हड़ताल स्थल में अब भी पूरे उत्साह व जोश के साथ डटे हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक शासन स्तर से लिखित में हमारे मांगों के पक्ष मे आदेश नहीं आ जाता तब तक हड़ताल समाप्त नहीं होगा।



आज हड़ताल के आठवे दिन एनएचएम कर्मचारी मेहंदी के माध्यम से अपनी हथेलियों पर नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को उकेरा और इसी क्रम में धरना स्थल के निकट स्थित रंजीता स्टेडियम में एनएचएम कर्मचारियों ने गोल मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। दिन-ब-दिन खराब होती स्वास्थ्य व्यवस्था और मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए यह देखना महत्वपूर्ण है कि एनएचएम कर्मचारियों के वर्षों से लंबित नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार पहल कब तक करती है। एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन धीरे-धीरे उग्र होता जा रहा है और लोगों के मन में उनकी जायज मांगों के प्रति सहानुभूति भी जग रही है। कई संघों के द्वारा एनएचएम संघ के मांगों के पक्ष मे समर्थन भी दिया जा रहा है साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि यदि जल्द से जल्द प्रदेश सरकार हमारे एनएचएम कर्मचारियों के हित में कोई निर्णय नहीं लेगी तो वे भी मैदान में उतर कर आंदोलन मेंसम्मिलित हो जाएंगे।

## संकल्प कुनकुरी के बच्चों ने हासिल की गौरवपूर्ण उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सत्र 2020-2021 में समाज के पिछड़े और कमजोर वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मेडिकल कॉलेज एवं प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश हेतु निशुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए कलेक्टर जशपुर के मार्गदर्शन में कक्षा नवमी से प्रारम्भ हुए संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में क्रमशः एक एक कक्षा की वृद्धि प्रति वर्ष होने के साथ सत्र 2023-2024 में कक्षा बारहवीं का प्रथम बैच पास होकर निकला।

इस बैच से कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में दो बच्चों अनिशा और विभा ने राज्य प्रवीण्य सूची में स्थान बनाया था। पिछले वर्ष इस बैच के तीन बच्चों अनिशा,श्लेष और निरंजू ने जे ई ई एडवांस के लिए पात्रता प्राप्त की। इन तीनों बच्चों ने एक साल का ड्राप लेकर पुनः तैयारी करने का निर्णय लिया। इसी बैच से वृंदा और प्रतिमा ने गत वर्ष सी यू ई टी के माध्यम से गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में क्रमशः बी. एस-सी एवं बी ए में प्रवेश पाया। इस वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के 20 बच्चों ने नीट एवं 20 बच्चों ने जे ई ई मैंस की परीक्षा दी। इनमें से एक छात्रा आशिस्ता एक्का ने शासकीय लखीराम अग्रवाल स्मृति मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में प्रवेश पाकर इतिहास रच दिया। पाँच बच्चों ने जे ई ई एडवांस के लिए पात्रता प्राप्त की। इन पाँच बच्चों में से एक छात्रा अनिशा एक्का ने इस वर्ष एन आई टी रायपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश प्राप्त किया जबकि एक छात्र रोशनदीप को आई आई आई टी तिरुचिरापल्ली में प्रवेश की पात्रता प्राप्त हुई।दो छात्रों नितेश एवं श्लेष ने सी जी पी ई टी के माध्यम से शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर के मेकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में प्रवेश पाया। संकल्प कुनकुरी के इन बच्चों की स्वर्णिम सफलता में संकल्प कुनकुरी के सभी विषय शिक्षकों एवं कोचिंग शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास,जिला पंचायत सी ई ओ अभिषेक कुमार,जिला शिक्षा अधिकारी पी के भटनागर,संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने संकल्प कुनकुरी के प्राचार्य वाई आर कैवर्त,सभी शिक्षकों एवं सफल विद्यार्थियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

## साले ने की जीजा की हत्या आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**जशपुरनगर।** मियां बीबी के आपसी विवाद ने ले ली है एक व्यक्ति की जान। दोनों में आपसी विवाद होने पर बीबी ने घर छोड़कर आपने मायके चली गई थी। पति जब अपनी पत्नी को लेने जब अपने ससुराल गया तो उसके सले ने यह कहते हुए अपने जीजा को पेट में ऐसी लत मारी कि दूसरे दिन जीजा की मृत्यु हो गई।



पुलिस के अनुसार कुटका राम, उम्र 72 वर्ष, निवासी लोखंडी, ने थाना सिटी कोतवाली जशपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, वह मृतक रामसाय राम का पिता है। 16 अगस्त को उसके बेटे मृतक रामसाय राम व उसकी बहु के मध्य किसी बात में वादविवाद होने पर ग्राम लोखंडी के ही बस्ती बनडीपा, स्थित अपने मायके में चली गई थी। 21 अगस्त की रात्रि में वे सभी भोजन करके, आराम कर रहे थे, इसी दौरान उसका बेटा मृतक रामसाय राम, अपनी पत्नी को लेने जा रहा हूं, कहकर अपनी पत्नी के मायके बनडीपा, लोखंडी गया व रात्रि करीबन 11 बजे घर वापस आकर बताया कि उसकी पत्नी के मायके ⏭ शेष पेज 4 पर

## गौवंश तस्करी पर पुलिस का शिकंजा, मिनी ट्रक से 17 मवेशी बरामद, तीन गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। थाना कांसाबेल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मिनी ट्रक से 17 नग गौवंशों को बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त टाटा एलपी टी 710 मिनी ट्रक क्रमांकसीजी 12 बीइ 3442 को भी जब्त कर लिया है। 23 अगस्त को कांसाबेल पुलिस को सूचना मिली



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कि एक मिनी ट्रक में बड़ी संख्या में गौवंशों को ठूंसकर झारखंड ले जाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराने के बाद थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनील सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई और संभावित मार्गों पर नाकेबंदी की गई। ग्राम हथगड़ा के पास संदिग्ध मिनी ट्रक को रोकने पर चालक सहित तीन व्यक्ति मौके पर मौजूद पाए गए। इनमें से दो भागने का प्रयास कर रहे थे जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 17 गौवंश ठूंस-ठूंसकर भरे पाए गए। पशु चिकित्सक से जांच कराए जाने पर सभी गौवंश सकुशल पाए गए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हरिप्रसाद राम (56 वर्ष) निवासी सीतामढ़ी कोरबा, बुधीयार सिदार (27 वर्ष) निवासी बेलटोली कांसाबेल ⏭ शेष पेज 4 पर

## धान उपार्जन हेतु जिले में तैयारियों की अपर कलेक्टर ने ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खरीफ फसल वर्ष 2025-26 के दौरान धान उपार्जन की तैयारियों हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने धान उपार्जन का समय आने से पूर्व समितियों में उठाव हेतु शेष धान की स्थिति की जानकारी ली।

■ उठाव हेतु शेष धान का एक सप्ताह में उठाव हेतु दिए निर्देश

उन्होने प्रत्येक समिति से एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान की कमी की शिकायत वाली समितियों में अधिकारियों को मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। किसी समिति में गड़बड़ी पाए जाने पर तुरंत समिति संचालक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान उपार्जन से पूर्व एग्रिस्टेक योजना के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे की स्थिति की जानकारी लेते हुए इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। एग्रिस्टेक योजना के अंतर्गत बी 1 खसरे के अद्यतन ना होने एवं फौती नामांतरण संबंधित समस्याओं पर चर्चा करते हुए तहसीलदार एवं पटवारियों के माध्यम से जानकारी प्रदान कर सर्वे पूर्ण करवाने को कहा। उन्होंने अबतक जिन किसानों का एग्रिस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हुआ है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बारदाने की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने नए बारदानों को जल्द से जल्द प्राप्त करने एवं पुराने बारदाने जो मिलर्स के पास हैं उनका खाद्य निरीक्षकों द्वारा सत्यापन कराकर उनका सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी मिलर्स के साथ खाद्य विभाग के अधिकारियों से बैठक आयोजित कर उठाव एवं भंडारण हेतु चर्चा करने के निर्देश दिए गए। खाद्य निरीक्षकों को पीडीएस दुकानों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के भंडारण हेतु सहकारी समितियों को मांग पत्र भेजने एवं मांग अनुरूप भंडारण सुनिश्चित करने को कहा। इस बैठक में एसडीएम विश्वास राव मस्के सहित खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएम मातृ वंदना योजना : जशपुर में विशेष शिविर का किया गया आयोजन

## बच्चों को खेल-खेल में समझाई गई आवश्यक कलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष होने के उपलक्ष्य में जिले में रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 24 अगस्त को जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसमें शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा, प्रधानमंत्री मातृ वंदना पंजीयन शिविर आयोजित कर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के द्वारा शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधि का एक त्योहार एवं उत्सव की तरह मनाया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने खेल-खेल में एक दूसरे का स्वागत किया एवं कई प्रकार के शारीरिक, सामाजिक एवं बौद्धिक गतिविधि का आयोजन कर इसे एक त्यौहार के रूप में मनाया। जिसमें बच्चों को बहुत सारी आवश्यक कलाएं खेल खेल में



खेलते हुए बच्चे।

समझाया गया। साथ ही सामंजस्य के द्वारा जीवनयापन और एक समुदाय के रूप में जिम्मेदारियों की भी जानकारी दी गई। सभी ने बढ़चढ़ कर सभी गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसी प्रकार परियोजना स्तर पर जशपुर एकीकृत बाल विकास परियोजना में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदन पंजीयन अभियान शिविर का आयोजन कर समस्त गर्भवती माताओं को विशेष अभियान चलाया जाकर शत प्रतिशत गर्भवती माताओं का पीएमएमवीवाय पोर्टल पर पंजीयन हेतु जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्हें योजना का लाभ शत प्रतिशत दिलाये जाने हेतु पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सुझाव एवं योजना की पूर्ण जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं का आवेदन पत्र भरा गया। इस कार्यक्रम में 85 महिलाएं सम्मिलित हुए।